
# अग्रवाल कॉलेज की पांच छात्राओं ने जीते पदक

फरीदाबाद। एमडीयू रोहतक में आयोजित हुई अखिल हरियाणा राज्य किक बॉक्सिग चैंपियनशिप-2022 में अग्रवाल कॉलेज की पांच छात्राओं ने पदक जीतकर नाम चमकाया है।

छह से आठ मई तक आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में कॉलेज से नेहा सैनी, पायल और हेमलता ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि रेखा और नविता ने रजत पदक हासिल किया। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।


एमडीयू में हुई बॉक्सिग चैंपियनशिप में पदक जीतकर लौटीं फरीदाबाद के अग्रवाल कॉलेज की छात्राओं को बुधवार को सम्मानित किया।